दिन– शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 01／03／2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में कृषि और ग्रामीण संपन्नता विषय पर पोस्ट बजट वेबिनार को संबोधित करेंगे।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण उनसठ हजार से अधिक विशिष्ट शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

03. बिहार की आर्थिक स्थिति में तेजी से हो रहा है सुधार। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार पिछले एक दशक में साढ़े तीन गुना बढ़ी अर्थव्यवस्था।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों के मौसम में तेजी से हुआ बदलाव। राजधानी पटना और आस–पास के क्षेत्रों में गरज के साथ हुई बारिश।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में कृषि और ग्रामीण संपन्नता विषय पर एक दिन के पोस्ट बजट वेबिनार को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में सभी केंद्रीय मंत्री शामिल होंगे। वेबिनार में वर्ष दो हजार पच्चीस की बजट घोषणाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए नीति तैयार करने पर विचार–विमर्श किया जायेगा। वेबिनार में कृषि विकास और ग्रामीण संपन्नता के बारे में विशेष चर्चा होगी। इससे बजट की परिकल्पना को साकार करने में सामूहिक दृष्टिकोण सुनिश्चित होगा। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी इस कार्यक्रम में अपने विचार रखेंगे। वेबिनार का उद्देश्य निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और विषय विशेषज्ञों सहित सभी हितधारकों को एक साथ जोडना है।

————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज सक्षमता परीक्षा के दूसरे चरण में उत्तीर्ण उनसठ हजार अट्ठाईस विशिष्ठ शिक्षकों को नियुक्त पत्र प्रदान करेंगे। पटना के संवाद भवन में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया है। विशिष्ट शिक्षकों में पचपन हजार आठ सौ पैंतालीस प्रारंभिक शिक्षक, दो हजार पांच सौ बत्तीस माध्यमिक शिक्षक और छह सौ इक्यावन उच्च माध्यमिक शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। इस समारोह में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा शिक्षा मंत्री सुनील कुमार समेत कई गणमान्य लोग शामिल होंगे।

————————————————————

प्रदेश की आर्थिक स्थिति में तेजी से सुधार हुआ है। अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में देश में सबसे तेजी से बढ़ने वाले राज्यों में बिहार दूसरे स्थान पर है। उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने बजट सत्र के प्रथम दिन कल राज्य का आर्थिक सर्वेक्षण पेश करते हुये यह जानकारी दी। आर्थिक सर्वेक्षण पेश करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुये श्री चौधरी ने कहा कि वित्त वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के दौरान बिहार की विकास दर चौदह दशमलव पांच प्रतिशत रही है। जबकि प्रति व्यक्ति आय बारह दशमलव आठ प्रतिशत से बढ़कर छियासठ हजार आठ सौ अट्ठाईस हो गयी है।

———बाइट———

वित्त मंत्री ने कहा कि वर्तमान में बिहार की अर्थव्यवस्था का आकार साढ़े तीन गुना बढ़ गया है। आर्थिक सर्वेक्षण दो हजार चौबीस–पच्चीस के अनुसार बिहार का सबसे धनी जिला पटना है। जिले में सालाना प्रति व्यक्ति आय एक लाख इक्कीस हजार तीन सौ छियानवे रूपये है। इस सूची में बेगूसराय दूसरे और मुंगेर तीसरे स्थान पर है। सर्वेक्षण के अनुसार प्रति व्यक्ति आय में शिवहर सबसे पीछे हैं। जिले के लोगों की सालाना प्रति व्यक्ति आय उन्नीस हजार पांच सौ इकसठ रूपये है।

———————————————————————————

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, सीबीआई ने कहा है कि आईआरसीटीसी में अनियमितताओं से जुड़ें भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व रेल मंत्री और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद सहित कई आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत है। इस मामले में लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी, उनके बेटे तेजस्वी यादव समेत कई आरोपी है। न्यायालय ने सीबीआई की दलील सुनने के बाद इस मामले से संबंधित दस्तावेजों की सूची पेश करने को कहा है। यह मामला आईआरसीटीसी के दो होटलों का परिचालन अनुबंध एक निजी फर्म को देने में अनियमितताओं से जुड़ा है।

———————————————————————————

केंद्र सरकार ने पासपोर्ट संबंधी नियमों में संशोधन किया है। नए नियमों के अनुसार एक अक्टूबर दो हजार तेईस या उसके बाद जन्म लेने वाते पासपोर्ट आवेदकों के लिए उपयुक्त प्राधिकारियों द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र ही जन्म तिथि का एकमात्र प्रमाण पत्र होगा। पासपोर्ट नियम–उन्नीस सौ अस्सी में संशोधन को क्रियांवित करने के लिए एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की गई है। नए नियमों के अनुसार जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिकारी, नगर निगम तथा जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, उन्नीस सौ उनहत्तर के अंतर्गत किसी अन्य प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, एक अक्टूबर दो हजार तेईस को या उसके बाद पैदा हुए व्यक्तियों के लिए जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में स्वीकार किए जाएंगे।

---

प्रदेश में बनाए जा रहे पंचायत भवनों के निर्माण की गुणवत्ता जानने के लिए विशेष जांच अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के लिए प्रमंडल क्षेत्र स्तर पर इंजीनियरों की टीम गठित की जायेगी। यह टीम पंचायत भवनों की निर्माण गुणवत्ता की जांच कर अपनी रिपोर्ट विभाग को सौंपेगी। भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने पंचायत भवनों की समीक्षा के बाद ये निर्देश दिये हैं।

---

भोजपुर जिले के शाहपुर में गंगा नदी के तटवर्ती क्षेत्र में प्राकृतिक तेल की प्राप्ति के लिए खुदाई की जा रही है। खनन करने वाली कंपनी केंद्र सरकार और राज्य सरकार के आत्मनिर्भर भारत प्रोग्राम के तहत खनन का कार्य कर रही है। गौरतलब है कि यहां लगभग तीन वर्ष पूर्व तीन किलोमीटर गहराई तक खोदाई की गई थी। इस खुदाई में प्राकृतिक तेल और गैस के बड़े भंडार का पता चला था।

---

पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से राजधानी पटना सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों के मौसम में तेजी से बदलाव हुआ है। सुबह से ही अधिकतर भागों में तेज हवा चलने और गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश के समाचार हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि आज सुबह राजधानी पटना में बादल छाने के साथ ही तेज आंधी के साथ बारिश हुई है। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान कटिहार, भागलपुर, बांका, जमुई, मुंगेर और नवादा जिलों में कुछ स्थानों पर वज्रपात की भी आशंका है।

———बाइट———

इधर मौसम विभाग ने एक से दो घंटों के दौरान पटना और वैशाली जिले में तेज हवाओं और मेघगर्जन के साथ मध्यम बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान वज्रपात की भी आशंका है।

---

मुस्लिम समुदाय के पवित्र महीने रमजान की शुरूआत कल दो मार्च से होगी। फुलवारीशरीफ स्थित इमारते–ए–शरिया बिहार, ओडिसा झारखंड के काजी शरियत मौलाना मोहम्मद अंजार आलम कासमी ने बताया कि कल चांद नहीं देखा गया इसलिए आज शाबान की तीस तारीख है। कल पहला रोजा होगा।

———बाईट———

इधर, रमजान को लेकर बाजारों में चहल–पहल बढ़ गयी है और लोग खरीदारी में व्यस्त देखे जा रहे हैं।

---

होली के त्योहार के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए मध्य रेलवे ने प्रमुख मार्गों पर अड़तालीस अतिरिक्त विशेष रेलगाड़ियां चलाने की घोषणा की है। ये रेलगाड़ियां मुंबई, पुणे जैसे प्रमुख शहरों से दानापुर, समस्तीपुर समेत अन्य गंतव्य स्थानों के बीच चलेंगी।

इधर, पूर्व मध्य रेलवे की ओर से आज से राजेन्द्र नगर और दानापुर स्टेशन से नई दिल्ली के लिए होली स्पेशल ट्रेन चलायी जायेगी। पटना, गया और मुजफ्फरपुर के बीच भी एक दर्जन स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि जरूरत के अनुसार ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जा सकती है।

आसनसोल मंडल के झाझा–सीतारामपुर रेलखंड के बीच ट्रैफिक ब्लॉक के कारण कल पटना–हावड़ा वंदे भारत ट्रेन के परिचालन समय में बदलाव किया गया है। यह ट्रेन पटना से पूर्वाह्न ग्यारह बजकर पचपन मिनट पर रवाना होगी।

---

बिहार पुलिस मुख्यालय ने होली पर्व को लेकर दस से अठारह मार्च तक सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी है। मुख्यालय की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार विशेष परिस्थिति में दिये जाने वाले अवकाश को इससे अलग रखा गया है।

---

जहानाबाद में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद जिला प्रशासन की ओर से सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये हैं। कल पटना से आई विशेष टीम की निगरानी में पुलिस लाईन और समाहरणालय के आस–पास एंटी वायरल छिड़काव कराया गया। वहीं, नजदीकी मुर्गी फॉर्म से मुर्गियों के जांच नमूने भी लिये गये हैं।

---

बिहार पहली बार एशियाई रग्बी अन्डर ट्वेंटी चैंपियनशिप का आयोजन करेगा। रग्बी इंडिया और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के बीच इस संबंध में पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में कल एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुये। राजगीर में नौ और दस अगस्त को आयोजित होने वाली इस चैंपियनशिप में भारत सहित विभिन्न देशों की आठ–आठ महिला और पुरूष टीमें भाग लेंगी।

सीवान में आयोजित बाईसवीं बिहार राज्य सब जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब पटना ने जीत लिया है। फाईनल मुकाबले में पटना ने सीतामढ़ी को सत्रह–तेरह अंकों से पराजित कर दिया।

इधर, बावनवीं पटना गोल्फ क्लब ओपन चैंपियनशिप शुरू हो गयी है। इस प्रतियोगिता में सेना के अधिकारी समेत देशभर के दो सौ पचास से अधिक गोल्फर भाग ले रहे हैं।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने बिहार के आर्थिक सर्वेक्षण से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– दो दशक में बिहार का राजस्व पन्द्रह गुना बढ़ा। अखबार लिखता है, विकास दर चौदह दशमलव पांच फीसदी, प्रति व्यक्ति आमदनी भी बढ़ी।

दैनिक जागरण ने राज्यपाल के अभिभाषण की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– विधानसभा चुनाव से पहले बारह लाख को सरकारी नौकरी। राज्यपाल ने दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को किया संबोधित।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर है– ईपीएफओ ट्रस्टी की बैठक में अहम फैसला। सात करोड़ कर्मियों को पीएफ पर आठ दशमलव दो पांच प्रतिशत ब्याज मिलता रहेगा।

प्रभात खबर लिखता है– अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के आयात शुल्क लगाने की घोषणा से शेयर बाजार में घबराहट। सेंसेक्स एक हजार चार सौ चौदह अंक लुढ़का। साल की सबसे बड़ी गिरावट।

इसी खबर पर राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है– शेयर बाजार में ब्लैक फ्राईडे।

आज अखबार ने आईसीसी क्रिकेट ट्रॉफी की खबर को अपनी प्रमुख लीड बनाते हुये लिखा है– बारिश में धुला अफगानिस्तान से मैच, ऑस्ट्रेलिया सेमीफाईनल में।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में कृषि और ग्रामीण संपन्नता विषय पर पोस्ट बजट वेबिनार को संबोधित करेंगे।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण उनसठ हजार से अधिक विशिष्ट शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

03. बिहार की आर्थिक स्थिति में तेजी से हो रहा है सुधार। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार पिछले एक दशक में साढ़े तीन गुना बढ़ी अर्थव्यवस्था।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों के मौसम में तेजी से हुआ बदलाव। राजधानी पटना और आस–पास के क्षेत्रों में गरज के साथ हुई बारिश।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।